11/12/14

[This question paper contains 12 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 1799** **F-3** **Your Roll No................**

Unique Paper Code : 2411102

Name of the Course : **B.Com. (Hons.)**

Name of the Paper : Financial Accounting & Auditing [DC–1.2]

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt **'ALL'** questions.
3. Show your working notes clearly.
4. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।
3. अपनी कार्य टिप्पणी (वर्किंग नोट्स) को साफ-साफ प्रदर्शित कीजिए।
4. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

1. (a) Define the term Accounting Standard. State the fundamental assumptions of AS-1. (5)

   (b) X Ltd. commenced business on 1st January, 2008. On the same date, a Plant costing Rs. 3,50,000 was purchased. Depreciation was charged @ 15% p.a. on diminishing balance basis and charging full year's depreciation on additions. Over the years following additions were made :

On 1-8-2009 Rs. 75,000

On 30-9-2012 Rs. 1,00,000

On 1-1-2012, it was decided to change the method and the rate of depreciation to 10% on straight line basis with retrospective effect from 1-1-2008, the adjustment being made in the account for the year ending 31st December, 2012.

Prepare Plant account for the year 2012 only. (10)

**OR**

(a) What is Accounting Equation ? Explain the Dual Aspect Concept of Accounting. (5)

(b) A company started its business on 1st January, 2013. It purchased and used raw material upto 30th June, 2013 as shown below:

| | | |
|---|---|---|
| January | 10 | 800 kgs @ Rs. 62 per kg. |
| February | 28 | 1,200 kgs @ Rs. 57 per kg. |
| March | 10 | Issued 1,000 kgs. |
| March | 26 | Issued 500 Kgs. |
| May | 20 | 900 kgs @ Rs. 65 per kg. |
| June | 28 | Issued 600 kgs. |
| June | 30 | Loss by fire 100 kg. |

Find out the value of stock as on 30th June, 2013 if the company follows perpetual inventory method on FIFO basis and on LIFO basis. (10)

(अ) लेखांकन मानदण्ड की परिभाषा दीजिए । AS–1 की आधारभूत मान्यताएँ बतलाइए ।

(ब) एक्स लि. ने 1 जनवरी, 2008 को अपने व्यापार का श्रीगणेश किया । उसी तारीख को 350,000 रु. की लागत से एक प्लाण्ट का क्रय किया गया । ह्रासमान शेष प्रणाली के आधार पर 15% की वार्षिक दर से ह्रास चार्ज किया गया तथा वृद्धियों पर पूरे वर्ष का ह्रास चार्ज किया गया ।

गत वर्षों में प्लाण्ट में निम्न वृद्धियां की गयी :

| | रु. |
|---|---|
| 1-8-2009 को | 75,000 |
| 30-9-2012 को | 1,00,000 |

1-1-2012 को ह्रास चार्ज करने हेतु अग्रलिखित बदलाव किये गये : 1-1-2008 से ह्रास की दर 10 प्रतिशत तथा पूर्व-प्रभावी आधार पर सरल रेखा पद्धति का उपयोग। इसके लिए 31 दिसम्बर, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के खातों में अपेक्षित समायोजन किये गये।

आप वर्ष 2012 के लिए प्लाण्ट खाता तैयार कीजिए।

**अथवा**

(अ) लेखांकन समीकरण किसे कहते हैं ? लेखांकन की द्वि-पहल (अथवा तुल्यता) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ब) एक कम्पनी ने 1 जनवरी, 2013 को अपना व्यापार आरम्भ किया। इसमें 30 जून, 2013 तक कच्चे माल का क्रय एवं इस्तेमाल निम्न प्रकार से किया गया :

| | |
|---|---|
| 10 जनवरी | 800 किलो 62 रु. प्रति किलो की दर से |
| 28 फरवरी | 1,200 किलो 57 रु. प्रति किलो की दर से |
| 10 मार्च | 1,000 किलो निर्गमित किये गये |
| 26 मार्च | 500 किलो निर्गमित किये गये |
| 20 मई | 900 किलो 65 रु. प्रति किलो की दर पर |
| 28 जून | 600 किलो निर्गमित किये गये |
| 30 जून | आग के कारण क्षति : 100 किलो |

कम्पनी में निरंतर स्कंध प्रणाली का प्रचलन होने की दशा में क्रमश: प्रथम आवक, प्रथम जावक (फिफो) तथा अंतिम आवक, प्रथम जावक (लिफो) आधारों पर 30 जून, 2013 को स्टॉक का मूल्य ज्ञात कीजिए।

2. The following Trial Balance was extracted from the books of Mr. A as on 31st March 2013 : (15)

| Particulars | Rs. | Particulars | Rs. |
|---|---|---|---|
| Plant & Machinery | 78,000 | Capital | 1,00,000 |
| Furniture | 2,000 | Sales | 1,27,000 |
| Purchases | 60,000 | Returns | 750 |
| Returns | 1,000 | Discount | 800 |
| Opening stock | 30,000 | Provision for Bad debts | 525 |
| Discount | 425 | Sundry creditors | 25,000 |
| Sundry debtors | 45,000 | | |
| Salaries | 7,550 | | |
| Manufacturing wages | 10,000 | | |
| Carriage outward | 1,200 | | |
| Rent, Rates & Taxes | 10,000 | | |
| Advertisement | 2,000 | | |
| Cash | 6,900 | | |
| | 2,54,075 | | 2,54,075 |

Prepare Trading and Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2013 and a Balance Sheet as on that date after taking into consideration the following adjustments :

(i) Closing Stock was valued at Rs. 8,000 and the approval was not received before the end of the month Rs. 34,220.

(ii) Provision for Bad debts is to be kept at Rs. 500.

(iii) Allow interest on capital at 10% p.a.

(iv) Goods worth Rs. 7,000 were sent on 25.3.2013 as 'Sale on Approval Basis' for Rs. 8,000 and the approval was not received before the end of the month.

(v) Depreciate Plant and Machinery and Furniture by 10%.

(vi) The proprietor Mr. A has taken goods worth Rs. 5,000 for personal use and distributed goods worth Rs. 1,000 as samples.

**OR**

Following is the Balance Sheet as on 31st March 2013 of a firm, having three partners A, B and C sharing profits and losses equally. (15)

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | 2,00,000 | Cash | 31,200 |
| Loan (Secured by Furniture) | 1,00,000 | Stock | 1,56,300 |
| *Capital A/Cs* : | | Debtors | 47,200 |
| A | 80,000 | Furniture | 95,300 |
| B | 60,000 | Profit & Loss A/c | 1,20,000 |
| C | 10,000 | | |
| | 4,50,000 | | 4,50,000 |

The firm was dissolved due to insolvency of all partners. Stock was sold for Rs. 99,000, while Furniture fetched Rs. 50,000. Rs. 41,000 were received from Debtors. Realisation expenses totalled Rs. 2,200. Nothing could be recovered from B & C, but Rs. 6,000 could be collected from A's private estate.

Prepare necessary accounts to close the books of accounts.

निम्नलिखित शेष परीक्षण (तलपट) 31 मार्च, 2013 को श्री ए की लेखा-पुस्तकों से लिया गया है :

| विवरण | रु. | विवरण | रु. |
|---|---|---|---|
| संयंत्र एवं मशीनरी | 78,000 | पूँजी | 1,00,000 |
| फर्नीचर | 2,000 | बिक्री | 1,27,000 |
| खरीद | 60,000 | वापसी | 750 |
| वापसी | 1,000 | बट्टा | 800 |
| प्रारंभिक स्टॉक | 30,000 | अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान | 525 |
| बट्टा | 425 | विविध लेनदान | 25,000 |
| विविध देनदार | 45,000 | | |
| वेतन | 7,550 | | |
| निमयिक मज़दूरी | 10,000 | | |
| जावक ढुलाई व्यय | 1,200 | | |
| किराया, दर व कर | 10,000 | | |
| विज्ञापन | 2,000 | | |
| रोकड़ | 6,900 | | |
| | 2,54,075 | | 2,54,075 |

निम्नलिखित समायोजनों को ध्यान में रखकर 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक एवं लाभ हानि खाता और उसी तारीख को आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए :

(i) अंतिम स्टॉक का मूल्यांकन 8,000 रु. पर किया गया। माह की समाप्ति से पूर्व 34,220 रु. के लिए स्वीकृति नहीं आयी थी।

(ii) अशोध्य ऋण के लिए प्रावधान 500 रु. तक रखना है।

(iii) पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक दर से देना है ।

(iv) 25-3-2013 को 7,000 रु. की लागत का माल स्वीकृति की शर्त पर 8,000 रु. में बेचने हेतु भेजा गया और माह की समाप्ति तक इसके लिए स्वीकृति नहीं आयी थी ।

(v) संयंत्र व मशीनरी तथा फर्नीचर पर 10% ह्रास घटाना है ।

(vi) व्यापार के स्वामी श्री ए ने अपने निजी इस्तेमाल हेतु 5,000 रु. की लागत का माल लिया और 1,000 रु. की लागत का माल नमूनों के तौर पर बाँट दिया गया ।

**अथवा**

31 मार्च, 2013 को एक फर्म का आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित है । इस फर्म में ए० बी० तथा सी० तीन साझेदार हैं । वे अपने लाभ-हानि को बराबर-बराबर बाँट लेते हैं :

| देयताएं | रु. | परिसम्पत्तियां | रु. |
|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | 2,00,000 | रोकड़ | 31,200 |
| ऋण (फर्नीचर द्वारा सुरक्षित) | 1,00,000 | स्टॉक | 1,56,300 |
| *पूँजी खाते* : | | देनदार | 47,200 |
| ए० | 80,000 | फर्नीचर | 95,300 |
| बी० | 60,000 | लाभ-हानि खाता | 1,20,000 |
| सी० | 10,000 | | |
| | 4,50,000 | | 4,50,000 |

सभी साझेदारों का दिवाला निकलने के कारण फर्म विघटित कर दी गयी । स्टॉक 99,000 रु. के लिए बेच दिया गया । फर्नीचर बेचने से 50,000 रु. मिले । देनदारों से 41,000 रु. प्राप्त हुए । वसूली के व्ययों की कुल राशि 2,200 रु. थी । बी० और सी० से कुछ भी वसूल नहीं हो सका, परन्तु ए० की निजी जायदाद से 6,000 रु. की उगाही हुई ।

फर्म की पुस्तकों को बंद करने के लिए अपेक्षित खाते लेखे तैयार कीजिए ।

3. X of Mumbai consigned 1,000 barrels of lubricant oil costing Rs. 1,200 per barrel to Y of Delhi. X paid Rs. 60,000 as freight and Rs. 12,000 as insurance. 50 barrels of oil was destroyed in-transit. The insurance claim was settled at Rs. 25,000 and was paid directly to consignor. Y took delivery of consignment and accepted a bill for Rs. 5,00,000 for three months. An account sale was received and the following was reported by the consignee.

(i) 750 barrels of oil was sold @ Rs. 1,750 per barrel.

(ii) Other expenses were :

Clearing Charges Rs. 13,800, Godown Rent Rs. 15,000, Wages Rs. 35,000, Selling and Administrative Expenses Rs. 25,000.

(iii) 20 barrels of oil was lost due to leakage which is considered to be normal.

Y is entitled to a commission of 5% on gross sales. The balance due to consignor was sent by bank draft.

Prepare Consignment A/c and Y's A/c in the books of X. (15)

**OR**

X and Y entered into Joint Venture for buying and selling condemned railway materials. The profit or loss was to be shared in fee ratio of 2:3.

In an auction material worth Rs. 7,50,000 was purchased by X and paid Rs. 50,000 for freight and unloading expenses. X drew a bill on Y at a two months demand for Rs. 5,00,000. The bill was discounted for Rs. 4,97,500.

Other transactions relating to Joint Venture were as follows :

(i) Y purchased material costing Rs. 3,50,000.

(ii) X paid Rs. 7,500 for carriage-outward Rs. 12,500 as commission and Rs. 5,000 as travelling expenses.

(iii) Y paid godown rent Rs. 45,000 and other sundry expenses Rs. 6,750.

(iv) Sales effected by X amounted to Rs. 8,15,000 whereas Y sold goods for Rs. 5,85,000.

Goods costing Rs. 10,000 and Rs. 15,000 were retained by X and Y respectively and these were charged to them at a price so as to show the same rate of gross profit as is made on the sales. X was credited with a sum of Rs. 15,000 to cover the cost of warehousing and insurance.

Prepare Joint Venture A/c and X's A/c in the books of Y showing final settlement. (15)

मुम्बई के एक्स ने 1200 रु. प्रति बैरल की लागत से 1,000 बैरल स्नेहक-तेल दिल्ली के वाई को प्रेषित किया। एक्स ने 60,000 रु. भाड़े तथा 12,000 रु. बीमे हेतु भुगतान किया। रास्ते में उक्त तेल के 50 बैरल ध्वस्त हो गये। बीमे के दावे का निपटारा 25,000 रु. में हुआ और तत्सम्बन्धी भुगतान सीधे प्रेषक को किया गया। वाई ने प्रेषित माल की सुपुर्दगी लेकर 3 माह के बाद देय 500,000 रु. के एक बिल को स्वीकृति प्रदान की। प्रेषिणी से बिक्री का एक विवरण प्राप्त हुआ और उसने निम्न सूचनायें भेजी :

(i) 750 बैरल तेल 1,750 रु. प्रति बैरल के भाव पर बिक गया।

(ii) अन्य व्यय इस प्रकार थे :

निकास शुल्क-13,800 रु., गोदाम का किराया-15,000 रु., मज़दूरी-35000 रु., विक्रय एवं प्रशासनिक व्यय-25,000 रु.।

(iii) 20 बैरल तेल चूकर निकलने से नष्ट हो गया। इस हानि को सामान्य मानना है।

वाई सकल बिक्री पर 5% कमीशन पाने का हकदार है। प्रेषक को देय शेष रकम बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेज दी गयी।

आप एक्स की किताबों में प्रेषण खाता और वाई का खाता तैयार कीजिए।

**अथवा**

एक्स और वाई ने रेलवे का दोषित माल खरीदने व बेचने हेतु एक संयुक्त उपक्रम में प्रवेश किया। लाभ-हानि का सहभाजन 2:3 के अनुपात में होना तय हुआ।

एक नीलामी में एक्स द्वारा 7,50,000 रु. का माल खरीदा गया और उसने भाड़े व माल उतारने के व्ययों हेतु 50,000 रु. का भुगतान किया। एक्स ने वाई पर 500,000 रु. के लिए 2 माह का एक विपत्र लिखा। यह विपत्र 4,97,500 रु. के लिए भुनाया गया।

संयुक्त उपक्रम से सम्बन्धित अन्य लेनदेन इस प्रकार थे :

(i) वाई ने 3,50,000 रु. की लागत का माल खरीद लिया।

(ii) एक्स ने निम्न भुगतान किये :

जावक वहन – 7,500 रु. कमीशन – 12,500 रु. तथा सफ़री व्यय – 5,000 रु. ।

(iii) वाई ने 45,000 रु. गोदाम का किराया और 6750 रु. अन्य विविध व्ययों का भुगतान किया ।

(iv) एक्स द्वारा 8,15,000 की बिक्री सम्पन्न हुई, जबकि वाई ने माल को 5,85,000 रु. के लिए बेच दिया ।

एक्स और वाई ने क्रमशः 10,000 रु. 15,000 रु. लागत का माल रख लिया और इसके लिए उनसे वही कीमत चार्ज की गयी जो बिक्री पर मिलने वाले सकल लाभ की दर के अनुकूल थी । माल गोदाम तथा बीमा लागत की भरपाई के लिए एक्स को 15,000 रु. की जमा दी गयी । आप अंतिम शोधन दिखलाते हुए वाई की किताबों में संयुक्त उपक्रम खाता और एक्स का खाता तैयार कीजिए ।

4. Goods were sent by Head Office to Aligarh Branch at selling price, being cost plus 25%. From the following particulars prepare, Branch Stock A/c, Branch Debtors A/c, Branch Adjustment A/c and Branch Profit and Loss A/c.

| | Rs. |
|---|---|
| Goods sold by Branch (at cost) | 9,35,000 |
| Cash Sales | 2,55,000 |
| Credit Sales | ? |
| Branch Expenses paid by Head Office : | |
| Salaries | 51,000 |
| Rent | 20,400 |
| Other Expenses | 13,600 |
| Shrinkage at cost (Normal) | 10,000 |
| Opening stock at Branch at cost | 85,000 |
| Branch Debtors in the beginning | 1,19,000 |
| Closing Stock at Branch at cost | 1,27,500 |
| Branch Debtors at the end | 1,61,500 |
| Bad debts at Branch | 3,750 |

(15)

**OR**

On 1st January 2010, A Ltd. sold three Cars for a total cash price of Rs. 6,00,000 on Hire-Purchase basis to B. The terms of agreement provided for Rs. 1,20,000 as down payment and the balance of cash price in three equal instalments together with interest at 12% per annum, calculated at yearly rest. The instalments were payable on the following dates :

| | |
|---|---|
| First Instalment | On 31-12-2011 |
| Second Instalment | On 31-12-2012 |
| Third Instalment | On 31-12-2013 |

B paid two instalments on time but could not pay the third instalment. As a consequence A Ltd. repossessed the two Cars and valued them at 60% of the cash price paid. A Ltd. got these Cars repaired for Rs. 24,000 and sold one Car for Rs. 1,25,000.

B charged depreciation at 15% per annum on Diminishing Balance Method.

Prepare B's A/c and Cars A/c in the books of A Ltd. and A Ltd.'s A/c in the books of B. (15)

प्रधान कार्यालय द्वारा अलीगढ़ शाखा को लागत जमा 25% के विक्रय-मूल्य पर माल भेजा गया । आप निम्न विवरणों से शाखा स्टॉक खाता, शाखा देनदार खाता, शाखा समायोजन खाता और शाखा लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए ।

| | रु. |
|---|---|
| शाखा द्वारा बेचा गया माल (लागत पर) | 9,35,000 |
| नकद बिक्री | 2,55,000 |
| उधार बिक्री | ? |
| प्रधान कार्यालय द्वारा भुगतान किये गये शाखा व्यय : | |
| वेतन | 51,000 |
| किराया | 20,400 |
| अन्य व्यय | 13,600 |
| सामान्य संकुचन (लागत पर) | 10,000 |
| शाखा के पास प्रारंभिक स्टॉक (लागत पर) | 85,000 |
| प्रारम्भ में शाखा के लेनदार | 1,19,000 |
| शाखा के पास अंतिम स्टॉक (लागत पर) | 1,27,500 |
| अंत में शाखा के लेनदार | 1,61,500 |
| शाखा के अशोध्य ऋण | 3,750 |

**अथवा**

1 जनवरी, 2010 को ए० लि० ने बी० को तीन कारें 6,00,000 रु. के कुल नकद मूल्य के लिए भाड़ा-क्रय आधार पर बेची। समझौते की शर्तों के अन्तर्गत 1,20,000 रु. के तुरंत भुगतान का प्रावधान था। शेष कीमत का ब्याज सहित नकद भुगतान वार्षिक विश्राम पर परिकलित तीन एक समान किस्तों में 12% की वार्षिक दर से किया जाना था। तीन किस्तें निम्न तिथियों पर देय थी :

| | |
|---|---|
| पहली किस्त | 31-12-2011 को |
| दूसरी किस्त | 31-12-2012 को |
| तीसरी किस्त | 31-12-2013 को |

बी० ने दो किस्तों का भुगतान समय पर कर दिया। परन्तु वह तीसरी किस्त देने में असफल रहा। परिणामस्वरूप, ए० लि० ने दो कारों को अपने अधिकार में ले लिया और उनका मूल्यांकन भुगतान किये गये नकद मूल्य के 60% पर किया। ए० लि०ने 24,000 रु. देकर इन कारों की मरम्मत करवा ली और इनमें से एक कार को 1,25,000 रु. के लिए बेच दिया। बी० ने ह्रासमान पद्धति के अनुसार 15% वार्षिक दर से ह्रास चार्ज किया।

आप ए० लि० की पुस्तकों में बी० का खाता व कार खाता तथा बी० की पुस्तकों में ए० लि० का खाता तैयार कीजिए।

5. Attempt any **three** of the following :

(a) What do you understand by Auditing ? State its objectives.

(b) Distinguish between Accounting and Auditing.

(c) "Vouching is the essence of Auditing." Explain.

(d) Audit procedure to verify the long term investments ?

(e) Verification supplements Vouching. Comment. (5×3)

निम्न में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए :

(क) अंकेक्षण से आपका क्या अभिप्राय है ? इसके उद्देश्य बतलाइए।

(ख) लेखांकन और अंकेक्षण में अंतर कीजिए।

(ग) "प्रमाणन, अंकेक्षण का सार तत्त्व है"। व्याख्या कीजिए।

(घ) लम्बी अवधि के विनियोगों के सत्यापन की अंकेक्षण-कार्यविधि।

(ङ) सत्यापन, प्रमाणन का पूरक है। टिप्पणी कीजिए।